Hindustan 04.03.2017

Page No. -22 S.No.-249

आईटीएस में फार्मा फेस्ट का आयोजन

मुरादनगर। आईटीएस फार्मेसी कॉलेज में शुक्रवार को नेशनल फार्मा फेस्ट का आयोजन किया गया। इस समारोह में दस राज्यों के तीस से अधिक कॉलेजों के पांच सौ से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान डांस, सिंगिंग, रंगोली, क्विज, पोस्टर, ओरल और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संजय सिंह, अतुल नासा ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

Amar Ujala 04.03.2017

Page No. – 08 S.No.-247

नेशनल फार्मा फेस्ट में दिखा छात्रों का टैलेंट

मुरादनगर (ब्यूरो)। आईटीएस फार्मेसी कॉलेज में शुक्रवार को नेशनल फार्मा फेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिडेट, गुरुग्राम के जनरल मैनेजर संजय सिंह, दिल्ली डिप्टी ड्रग कंट्रोलर अतुल कुमार, कॉलेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, निदेशक डा. एस सतीश, प्रशासनिक अधिकारी डीएस जौली ने संयुक्त रूप से किया। इसमें हरियाणा, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, दिल्ली के 30 से अधिक कॉलेजों के 500 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर छात्रों ने डांस, गीत, रंगोली, क्विज, पोस्टर मेकिंग, निबंध आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथियों ने विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डा.मनोज कुमार, राजीव मल्होत्रा, नितिन कुमार, डा.दिनेश पुरी, प्रवीण गौर, आलोक प्रताप सिंह, यासीर, राजकुमारी, शालिनी, इति चौहान, गरिमा राज, मोनिका सिंह आदि मौजूद रहे।

Dainik Jagran

04.03.2017

Page No. –IV Gzb.

S.No.-248

आईटीएस में बच्चों ने मचाया धमाल

संवाद सहयोगी, मुरादनगर : हाईवे स्थित आईटीएस डेंटल कालेज में शुक्रवार को फार्मा फेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें 30 कालेजों के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आइडीपीएल के जनरल मैनेजर संजय सिंह, नासा के अतुल कुमार, आईटीएस के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं प्रशासनिक अधिकारी डीएस जौली ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। अपने संबोधन में संजय सिंह ने कहा कि आधुनिक दौर में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बदलाव आया है। ऐसे में शिक्षण संस्थानों को भी अपनी शिक्षा पद्धति में बदलाव लाने की जरूरत है। वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर छात्रों को जानकारी देते हुए विज्ञान की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इसके बाद आईटीएस एवं अन्य कालेजों से आए छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक आयोज़नों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्राओं की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। इससे पूर्व कालेज के वाइस चेयरमैन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में पहला, दूसरा, तीसरा स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।